
# SPORTS BOARD

## RAJ RISHI BHARTRIHARI MATSYA UNIVERSITY
## ALWAR

### SPORTS CALENDAR FOR INTER- COLLEGE TOURNAMENTS SESSION 2025-26



**प्रो. शील सिंधु पांडे**

**माननीय, कुलगुरू**

# SPORTS BOARD, RAJ RISHI BHARTRIHARI MATSYA UNIVERSITY, ALWAR

**Phone:- 0144-2730321,2730327, 9649107150 Fax:- 0144-2730321**

**Email: matsyauniv.alwar@gmail.com & sportsrrbmu@gmail.com Website: www.rrbmuniv.ac.in**


RRBMU SPORTS BOARD
WhatsApp channel

## SPORTS CALENDAR FOR INTER- COLLEGE/INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS SESSION 2025-26

| INTER COLLEGE TOURNAMENTS | | | | INTER-UNIVERSITY TOURNAMENTS | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Game/Sports | Date | Venue | WZ/ South West Zone Inter University Venue | Date | All India Inter Univ. Venue | Date |
| 1. | Archery (M/W) | 20/09/2025 | Kishangarh Girls College | | | Guru Kashi University, Bhatinda (Punjab) | 24 To 31 October 2025 |
| 2. | Kabaddi (M) | 23-24/09/2025 | Kishangarh PG College | Medicap University, Indore | 01 To 05 October 2025 | | |
| 3. | Rugby (W) | 23/09/2025 | Kishangarh Girls College | | | KISS University, Odisha | 15 To 19 April 2026 |
| 4. | Yogasana (M)<br>Yogasana (W) | 26/09/2025 | Dev International College | | | Vels Institute of Science, Chennai<br>SVYASA University, Bangalore | 24 To 28 November 2025<br>24 To 28 November 2025 |
| 5. | Rugby (M) | 27/09/2025 | Matsya PG College | | | KISS University, Odisha | 15 To 19 April 2026 |
| 6. | Kabaddi (W) | 03/10/2025 | Narayani Devi College, Behror | SRTM, Nanded | 27 To 31 October 2025 | | |
| 7. | Judo (MW) | 08/10/2025 | Govt. GD Girls College | Sage University, Bhopal | 10 To 14 November 2025 | Chandigarh University, Mohali | 19 To 23 November 2025 |
| 8. | Taekwondo (M)<br>Taekwondo (W) | 09/10/2025 | Govt. GD Girls College | | | DAV, Jalandhar<br>Fakir Mohan Univ, Odisha | 16 To 20 March 2026<br>16 To 20 March 2026 |
| 9. | Wushu (MW) | 10/10/2025 | Govt. GD Girls College | | | University of Kashmir | 09 To 12 April 2026 |
| 10. | Wrestling (M)<br>Wrestling (W) | 11/10/2025 | Behror PG College | | | Chandigarh University, Mohali<br>University of Kota | 19 To 23 November 2025<br>27 To 30 November 2025 |
| 11. | Shooting (M/W) | 13/10/2025 | Poddar College, Laxmangarh | | | Manav Rachna University | 03 To 07 November 2025 |
| 12. | Boxing (M)<br>Boxing (W) | 06/11/2025 | Aanand PG College, Karana | | | Kurukshetra University<br>LPU, Phagwara | 15 To 19 December 2025<br>20 To 24 December 2025 |
| 13. | Cross-Country (M)<br>Cross-Country (W) | 13/11/2025 | Bansur PG College | | | MDU, Rohtak<br>Mangalore University | 21 February 2026<br>27 February 2026 |
| 14. | Weight Lifting (MW) | 14/11/2025 | Bansur PG College | Sage University, Bhopal | 08 To 12 December 2025 | | |
| 15. | Chess (M)<br>Chess (W) | 15/11/2025 | Bansur PG College | HSNC University, Mumbai<br>Mahatma Jyoti Rao Phoole University, Jaipur | 02 To 06 March 2026<br>02 To 06 March 2026 | | |
| 16. | Volleyball (M) | 19/11/2025 | Shri Maa PG College, Kathumar | LNCT, Bhopal | 10 To 14 December 2025 | | |
| 17. | Volleyball (W) | 20/11/2025 | Shri Maa PG College | Hemchandra Acharya, North Gujarat University, Patan | 10 To 14 December 2025 | | |
| 18. | Hockey (W) | 21/11/2025 | Matsya PG College | Savitribai Phule University, Pune | 22 To 26 January 2026 | | |
| 19. | Hockey (M) | 22/11/2025 | Matsya PG College | LNCT, Bhopal | 12 To 16 January 2026 | | |
| 20. | Badminton (W) | 26/11/2025 | Dev International College, Alwar | Symbiosis University, Pune | 29 Dec. 2025 - 02 Jan. 2026 | | |
| 21. | Badminton (M) | 26/11/2025 | Dev International College, Alwar | ITM, Gwalior | 29 Dec. 2025 - 02 Jan. 2026 | | |
| 22. | Basketball (M) | 28/11/2025 | BSR Govt. Arts College, Alwar | Dr. BAM Univ, Marathwada | 05 To 09 January 2026 | | |
| 23. | Cricket (W) | 03/12/2025 | Kishangarh Girls College | Banasthali Vidyapeeth | 12 To 16 January 2026 | | |
| 24. | Athletics (M/W) | 04-06/12/2025 | Govt. College, Rajgarh | | | Rajiv Gandhi Health University, Bangalore | 12 To 16 January 2026 |
| 25. | Basketball (W) | 10/12/2025 | Govt. GD Girls College | LNIPE, Gwalior | 15 To 19 January 2026 | | |
| 26. | Netball (M)<br>Netball (W) | 11/12/2025 | Janki Devi College, Thangazi | | | Sage University, Bhopal<br>Krishna University, Andhra Pradesh | 09 To 13 March 2026<br>09 To 13 March 2026 |
| 27. | Handball (M)<br>Handball (W) | 12-13/12/2025 | Govt. College, Rajgarh | University of Engg. & Management, Jaipur<br>Saurashtra University, Gujarat | 17 To 21 March 2026<br>17 To 21 March 2026 | | |
| 28. | Sketing (M/W) | 15/12/2025 | BSR Govt. Arts College, Alwar | | | | |
| 29. | Football (M) | 16/12/2025 | Kishangarh PG College | University of Kota, Rajasthan | 05 To 11 January 2026 | | |
| 30. | Cricket (M) | 17/12/2025 | Kishangarh PG College | Saurashtra University, Rajkot | 17 To 22 January 2026 | | |
| 31. | Kho-Kho (W) | 19/12/2025 | SHM College, Narayanpur | Awadesh Pratap Singh University, Rewa | 02 To 06 April 2026 | | |
| 32. | Kho-Kho (M) | 03/01/2026 | Kishangarh PG College | SRTM, Nanded | 02 To 06 April 2026 | | |
| 33. | Swimming (M/W) | 05/01/2026 | Govt.Commerce College, Alwar | | | | |
| 34. | Tug of War (M/W) | 08/01/2026 | SHM Girls College, Narayanpur | | | University of Calicut | 06 To 09 April 2026 |
| 35. | Softball (M/W) | 09/01/2026 | Kishangarh Girls College | | | SGB Amravati Unviversity, Amravati | 14 To 18 March 2026 |

**Secretary, Sports Board**

## अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिताओं 2025-26 के आयोजन हेतु महाविद्यालयों के लिए दिशा निर्देश -:

1. जिन महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षक उपलब्ध हो वहाँ अन्तर-महाविद्यालय प्रतियोगिता हेतु शारीरिक शिक्षक को ही आयोजन सचिव बनाया जावे।
2. अंतर महाविद्यालय. प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व प्रतिभागी महाविद्यालय निम्न दस्तावेजों दो फाइलों में प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम मैनेजर मीटिंग में प्रस्तुत करेगें।
   1. बिन्दू संख्या 6 पर अंकित समस्त दस्तावेज की प्राचार्य/सक्षम अधिकारी द्वारा संत्यापित प्रतिलिपी।
   2. प्रविष्टि शुल्क 6000/- रू. जमा कराने की रसीद/ डी.डी. की छायाप्रति।
   3. योग्यता प्रमाण-पत्र दो प्रतियों में।
3. महाविद्यालयों को जिन खेलो में भाग लेना है, उनकी प्रविष्टि रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सम्बन्धित आयोजन सचिव एवं उसकी एक प्रति सचिव, स्पोर्टस बोर्ड के पास आयोजन तिथि से पूर्व पहुँच जानी चाहिए। समस्त आयोजक महाविद्यालय प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व, मैनेजर मीटिंग तक प्रविष्ठि स्वीकार करेंगे। प्रतिलिपि पर प्रविष्टि शुल्क 6000/- रु. छात्र/छात्राएं पृथक-पृथक के ड्राफ्ट संख्या, राशि अंकित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक/चेयरमेन नोमिनी प्रतिभागी महाविद्यालय के खेल प्रविष्ठी शुल्क जमा होने की रसीद की छायाप्रति अपने पास आवश्यक रूप संधारित कर अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें उक्त के अभाव में विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक / चेयरमेन नोमिनी प्रतिभागी महाविद्यालय टीम को प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने देवे|
4. समस्त विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक/चेयरमैन नोमिनी अंतिम चयन सूची मय योग्यता प्रमाण पत्रों के एक प्रति कम सहित सचिव, खेल बोर्ड को प्रतियोगिता समाप्ति के एक दिन पश्चात् जमा करावेगें। आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य व आयोजन सचिव को समस्त रिकार्ड उपलब्ध करावेगें |
5. सभी प्रतिभागी टीमों का प्रतियोगिता स्थल पर खिलाड़ियों एवं टीम मैनेजर,/कोच के साथ सांय 4.00 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर एक दिन पूर्व पहुँचना अनिवार्य हैं
6. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी 10वीं, 12वीं एवं महाविद्यालय की सभी कक्षाओं की मूल अंकतालिकायें मय दो-दो फोटो प्रति, 2 पासपोर्ट साईज फोटो तथा कॉलेज में प्रवेश की मूल फीस रसीद व महाविद्यालय का परिचय-पत्र, निश्चित रूप से लावे, अन्यथा प्रतियोगिता में भाग नही लेने दिया जावेगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रतिभागी महाविद्यालय प्रशासन एवं सम्बन्धित खिलाड़ी की होगी।
7. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता के अध्यक्ष एवं आयोजन सचिव, विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों के प्रमाण पत्रों पर छाया चित्र चिपका कर अपने हस्ताक्षर मय मोहर के वितरित करे, प्रमाण - पत्र का लेखा जोखा मय नाम एवं कमांक के अद्योहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें। फोटो के अभाव में प्रमाण पत्र जारी नहीं किये जावें। साथ ही आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य यह भी सुनिश्चित करें कि प्रमाण-पत्रों का वितरण तुरन्त हो जाये जिसकी अनुपालना प्रमाण-पत्र वितरण समिति से करवाई जाये।
8. आयोजक महाविद्यालय प्रतियोगिता की समाप्ति के तीन दिन के अन्दर समस्त अभिलेख योग्यता फार्म प्रारूप एक प्रति, प्रमाण पत्रों का लेखा-जोखा, परिचय-पत्र की छाया प्रति, उपयोगिता प्रमाण-पत्र की दो प्रतियां निर्धारित पत्र में आयोजन सचिव रिपोर्ट के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता को भेजे।
9. टीम मैनेजर मीटिंग की सूचना आयोजन सचिव एवं प्राचार्य, विश्वविद्यालय के ईमेल पर निम्न सूचनाएँ आवश्यक रूप से मीटिंग के पश्चात् प्रेषित करेंगें।
   1. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की सूची।
   2. विश्वविद्यालय द्वारा लगायें गये उपस्थित अधिकारियों की सूचना।
   3. ड्राज की कॉपी

   उक्त सूचनाएं विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक/चेयरमैन नोमिनी को भी उपलब्ध करावें।
10. सभी खेलो के ड्रा आयोजन सचिव द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के सम्मुख निकाले जायेंगे। प्रविष्टि भेजकर भाग नहीं लेने एवं! ड्रा से पूर्व सूचना न देने वाले महाविद्यालयों की सूची अद्योहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करेंगे |सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि जिन खेलों में भाग लेना है उसी में अपनी प्रविष्टि भेजें।
11. क्रिकेट पुरुष का ड्रा प्रविष्टि की अंतिम तिथि के तीन दिन के बाद सचिव, खेल बोर्ड के समक्ष डाला जावेगा। क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल, फाइनल एवं चयन स्पर्धा भी इन्हीं के सम्मुख होगी ।
12. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में अध्यक्ष प्रतिनिधि/पर्यविक्षक/चयन समिति ही खिलाड़ियों का चयन कर खेल सचिव को सूचित करें |
13. आयोजक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि जिन खेलों में छात्र एवं छात्राओं की प्रतियोगिता एक साथ होगी उनके रहने व खाने की व्यवस्था समुचित रूप रो पृथक-पृथक करें ।
14. प्रत्येक खेल की प्रविष्टि पृथक-पृथक रूप से भेजें। सभी खेलों की प्रविष्टि एक साथ एक पत्र में न भेजे अन्यथा मान्य नहीं होगी |
15. आयोजन सचिव, विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व खिलाड़ियों के परिचय पत्र, योग्यता फार्म प्रारूप को जांच कर उन पर हस्ताक्षर करें |
16. पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महाविद्यालय की संख्या टीम स्पर्धा में 3 व व्यक्तिगत स्पर्धा में 4 है तो प्रतियोगिता खेली जावेगी अन्यथा सलेक्शन ट्रायल आयोजित कर टीम का चयन किया जायेगा एवं प्रमाण पत्र वितरित नहीं किए जाएंगे।
17. दल के साथ शारीरिक शिक्षक/व्याख्याता/मैनेजर/कोच होने पर ही दल को प्रतियोगिता में भाग लेने देवें।
18. अन्तर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला क्रास-कन्द्री प्रतियोगिता में केवल प्रथम तीन व्यक्तिगत स्थान प्राप्त करने वाले को ही प्रमाण-पत्र देवें ।
19. भारतीय विश्वविद्यालय संघ के निर्देशानुसार व्यक्तिगत स्पर्धा, एथेलेटिक्स, क्रॉस कंट्री, राइफल शूटिंग, एवं भारोतोलन में गत वर्ष की अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के छठे/आठवें स्थान के मानक तक,/ राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय द्वारा, निर्धारित मानकों के समय/माप/दूरी आने पर ही प्रतिभागिता हेतु भेजा जा सकेगा।
20. अन्तर महाविद्यालय महिला प्रतियोगिता हेतु विविध खेलों के लिए पृथक-पृथक योग्यता प्रमाण-पत्र लावें ।
21. मुख्य परीक्षा. में जिन छात्रों का परिणाम पूरक घोषित हुआ है वे छात्र छात्राए अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे।
22. आयोजन सचिव खेलकूद नियमावली में वर्णानुसार ही चयन प्रकिया का कार्य करें तथा जितने नाम प्रपत्र में मांगे उतने ही नाम भेजें तथा चयनित छात्र/छात्राओं का प्रपत्र अध्यक्ष प्रतिनिधि/विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक अपने प्रतिवेदन के साथ अद्योहस्ताक्षरकर्ता को देवें |
23. योग्यता प्रमाण पत्रों को एक दिन पूर्व आयोजित बैठक में देखकर विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक अपने हस्ताक्षर करें एवं यह भी सुनिश्चित करें कि योग्यता प्रमाण-पत्र के सभी इन्द्राज सही है।
24. यदि प्रतियोगिता तिथि में आयोज्य महाविद्यालय द्वारा अपरिहार्य कारणों से बदलाव किया जाता है तो इसकी सूचना महाविद्यालय द्वारा अद्योहस्ताक्षरकर्ता एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों को 5 दिन पूर्व लिखित में करना आवश्यक है ।
25. **टीम मैनेजर व कोच प्रतियोगिता स्थल पर अपनी टीम के साथ ही ठहरेगें| छात्रा टीम के साथ महिला कोच व मैनेजर को अनिवार्य रूप से भिजवाया जायें।**
26. प्रतियोगिता में प्रतिभागी महाविद्यालयों से आफिसिंयटिंग चार्जेज निम्न प्रकार से लिया जावें।
    1. व्यक्तिगत स्पर्धा 700/- प्रति टीम
    2. क्रिकेट स्पर्धा 700/- प्रति टीम
    3. टीम खेल 600 /- प्रति मैच
    4. एथलेटिक्स 800/- प्रति टीम

खेल उपकरण चार्जेज की वास्तविक लागत ही आयोजक महाविद्यालय चार्ज करेगा। जिसकी रसीद भी प्रतिभागी महाविद्यालय के टीम मैनेजर/कोच को देय होगी।

27. चयन स्पर्धा (Selection) के रूप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को चयन से पूर्व 12 मिनट दौड़ परीक्षण (कूपर टेस्ट) देना आवश्यक होगा, जिसमें पुरुष वर्ग में 12 मिनट में 2400 मीटर तथा महिला वर्ग में 2000 मीटर दूरी तय करना आवश्यक होगा। जिसका प्रमाण-पत्र विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक/चेयरमेन नोमिनी/चयन समिति सदस्यों/आयोजन सचिव को देना होगा। जिसे आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिए।
28. कबड्डी पुरुष वर्ग और महिला वर्ग मैं विश्वविद्यालय टीम का ट्रायल अंतर महाविद्यालय टूर्नामेंट के बाद खेल प्रभारी खेल बोर्ड मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर की उपस्थिति में होगा
29. जिन छात्रों का परिणाम द्वितीय सेमेस्टर का नहीं आया है उनको अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में अस्थाई प्रवेश दिया जाएगा खेलों में अंतर विश्वविद्यालय की योग्यता उनको नहीं मिलेगी ऐसे विद्यार्थी अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में तभी भाग ले सकेंगे जब पूर्ण रूप से उत्तीर्ण हो जाएंगे, बिना उत्तीर्ण के अंतर विश्वविद्यालय टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे ना ही उनको किसी भी प्रकार का विश्वविद्यालय से प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा|
30. महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन, अखिल भारतीय खेल परिषद के खेल गणवेस (dress code) के द्वारा ही करवाई जाए|

**Note: समस्त आयोजन सचिव एवं प्राचार्य उपरोक्त समस्त बिन्दुओं की अनुपालना आवश्यक रूप से करावें।**

**भवदीय**

**डॉ. विक्रम भड़ाना**

**खेल प्रभारी, स्पोर्ट्स बोर्ड**

खेल प्रभारी
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य
विश्वविद्यालय, अलवर

### अन्तर महाविद्यालयी/अन्तर विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु नियम

### (अ) योग्यता नियम

1. पूर्णकालिक नियमित छात्र/छात्रा जिन्होंने स्कूल स्तर की 10+2 परीक्षा के पश्चात विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया हो, वही विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा अधिस्वीकृत अन्तर महाविद्यालय/राष्ट्रीय विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है।

   1.1 शोध (पी. एच. डी.), एम. फिल के नियमित छात्र अन्य योग्यता होने पर प्रतियोगिता में भाग लेने योग्य होंगे।

   1.2 विदेशी छात्र/छात्राएं अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र होंगे, लेकिन किसी भी स्थिति में उनकी संख्या टीम में 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं: में भाग लेने हेतु प्रत्येक पूर्णकालिक नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा को निम्नलिखित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

   2.1 विद्यार्थी की न्यूनतम 17 वर्ष आयु की गणना सम्बंधित प्रतियोगिता प्रांरभ होने की दिनांक से एवं अधिकतम 25 वर्ष आयु की गणना सम्बन्धित शैक्षिक सत्र् की प्रथम जुलाई से की जायेगी।
3. एक शैक्षणिक सत्र के दौरान प्रतिभागी छात्र,/छात्रा एक ही विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है।
4. अस्थायी/अंशकालीन/ पूरक परीक्षा के योग्य छात्र/छात्रा के रूप मे प्रवेशित खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य नहीं हैं।
5. एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय ,/राज्य परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण होने पर प्रतिभागी खिलाड़ी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व के योग्य तभी माना जायेगा जब माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय प्रवेश की अंतिम वैध/पूर्ण पुष्टि कर देगा |
6. यदि 10+2 के बाद स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एक कक्षा में अन्तराल 2 वर्ष से अधिक का है, वह खिलाड़ी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा।
7. 10+2/स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने पर अगली कक्षा में वह 2 वर्ष तक ही खेल सकेगा और उस कक्षा में पास होने के पश्चात ही वह अगली कक्षा में खेल सकेगा। 10+2 उत्तीर्ण करने के वर्ष से ही उसके अवसर/वर्षों की गणना प्रारम्भ हो जाएगी।
8. जो छात्र/छात्रा राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय से सम्बन्धित है, वे ही राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।
9. छात्र/छात्रा का पिछले किसी भी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय से खेले हुए अवसरों को भी आवश्यक रूप से वर्तमान खेलने के अवसरों के साथ गिना जाएगा। जिससे कि गलत दावा प्रस्तुत नहीं किया जावे। शैक्षणिक योग्यता भी तभी से स्वीकार होगी जब खिलाड़ी ने पूर्व में अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेलना प्रारम्भ किया था।
10. 10वीं, 10+2, स्नातक व स्नातकोत्तर की अंकतालिका की फोटोप्रतियां संस्था प्रधान से सत्यापित एवं प्रवेश शुल्क रसीद की मूल प्रति लाना भी आवश्यक है।

### (ब) व्याख्या:-

1. नियमित छात्र, छात्रा एक पाठ्यक्रम समाप्त होने के पश्चात उसी या नये पाठ्यक्रम में शामिल होता है तो सभी अवसर अन्तर महाविद्यालय, अन्तर विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार होगें।
2. पूरक परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य होगें तथा अस्थाई प्रवेशित छात्र/छात्रा भाग लेने के योग्य नहीं होगें।
3. एक वर्ष का अर्थ यहा एक शैक्षणिक सत्र होगा जिसकी अवधि के दौरान छात्र/छात्रा उत्तीर्ण या उनुत्तीर्ण रहे सामान्यतः यह अवधि एक जुलाई से 12 महीने तक तथा आगामी सत्र के सामान्य आरम्म तक मान्य होगी।
4. योग्य तथा पात्र छात्र/छात्रा प्रतिनिधि अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में एक कक्षा में अधिकतम दो वर्ष अपने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है। एक ही सत्र में एक कक्षा में यह रोक लागू होने पर भी पाठ्यक्रम/डिप्लोमा की पूर्णावधी से एक वर्ष अधिक खेल सकने का निशेध यहाँ भी लागू होगा। पूर्णावधि से एक वर्ष अधिक प्रतियोगिता में पाठ्यक्रम कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्र/छात्रा के प्रतिनिधित्व पर रोक/निषेध का तात्पर्य होगा कि स्नातक पाठ्यक्रम छात्र 5 वर्ष तक ही रहेगा।
5. संकाय परिवर्तन संभव है परन्तु अध्ययन की पूर्णावधि के प्रथम दो वर्ष, प्रथम प्रवेश वाले संकाय में ही होंगे।
6. शोध अवधि (एक या दो वर्ष) ही स्थानान्तरित संकाय में तभी पूर्ण की जा सकती है जब नये संकाय का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लिया हो है।

### (स) योग्यता / पात्रता नियमों के उलल्लघंन पर अयोग्यता :-

1. किसी भी प्रतिभागी के पात्रता नियमों का उल्लंघन पूर्ण टीम की स्वतः अयोग्यता के लिए जिम्मेदार होगा और उस महाविद्यालय को रू 5000/- से दण्डित किया जायेगा तथा इसकी रिपोर्ट आयुक्त, कॉलेज शिक्षा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य को भेजी जावेगी।
2. प्रतिनिधित्व अयोग्य छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय खेलों से वंचित होने पर आगामी वर्ष भी प्रतिभागी छात्र/ छात्रा को प्रतिनिधित्व से वंचित किया जा सकता है।
3. अखिल भारतीय विश्वविद्यालय टीम में होने के पश्चात प्रतिभागी छात्र/छात्रा यदि किसी अन्य संस्थान आदि का प्रतिनिधित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अनुमति के बिना करता पाया जाने पर किसी भी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा। एवं उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही ही जाएगी।
4. जो छात्र/छात्रा पूर्णकालिक आधार पर नौकरी कर रहे हैं वे प्रतियोगिता के योग्य नहीं हैं।
5. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा प्रतियोगिता के दौरान 'अवांछनीय व्यवहार, लड़ाई झगड़ा करते पाये जाने पर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय / विश्वविद्यालय द्वारा उन खिलाड़ियों का प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार जॉच कराई जावेगी।

भवदीय

डॉ. विक्रम भड़ाना

खेल प्रभारी, स्पोर्ट्स बोर्ड

खेल प्रभारी
राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य
विश्वविद्यालय, अलवर

______________________________________________________________**(Name of College/Department)**

## ELIGIBILITY PROFORMA FOR UNIVERSITY INTER COLLEGE TOURNAMENT

**Name of the Tournament: -** ------------------ **Section** Men /Women **Name of the Manager: -** ------------------------ **His/her status** ------------------- Mob.No.-----------------------------

**Name of the Coach**------------------------------- **His/her status**........................Mob.No.........................................

**Name of the Organising College:** ---------------------------------------------- **Name of the Participating College:** ----------------------------------------------------------------

**YEAR 2025-26** Date of Inter College tournament-------------------------------------

| S. N o | Full Name | Father's Name | Mother's Name | Date of Birth | Year of Passing Qualifying Examination for First Admission to a College/ University | | Present Class | Name of the Present Course | Duration of Course | Year of First Admission to | | Number of years of previous participation while pursuing | | Enrolment No. | Mob. No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Name of Exam 10+2 | Year | | | | Univ. | Present Course | Graduate Course | P.G. Course | | |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 9 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 11 | | | | | | | | | | | | | | | |
| 12 | | | | | | | | | | | | | | | |

**Certified that the above particulars are correct and true as per records of the College.**

**MIGRATION CASES:s**

**Certified that players listed at S.No.(s)** ----------- **above is/are migration cases. He/she/they has/have been admitted to the College as bonafide, full time & duly enrolled student(s) for** following full time University **courses/class of not less than one academic year's duration for which examinations are also conducted by the University.**

Date: -------------- **Signature of Physical Education Teacher** **Seal of the College/Department** **Signature of the Principal/Head**

------------------------------------------------------------ (Name of College)

Tournament: **R.R.B.M. University Inter Collegiate ---------------------------** (M/W)

**YEAR 2025-26**

held at ------------------------------------------------ **from** ---------------------------**to** ----------------------------

## PLAYERS IDENTITY CARD

| Sr. No. | Full Name | Father's Name | Date of Birth | Univ. E/No. | Signature | Photo |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**Director Physical Education**

**Signature Principal/Head with seal**